हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026

04 आवन में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन साइबर...



07 अंतर्राष्ट्रीय शूटर गैंग हैरी व ऋतिक बॉक्सर को मदद करने...






## समाचार संक्षेप

### राघौगढ़ में आखिरी अशरा के साथ एतकाफ शुरू, मस्जिदों में इबादत का सिलसिला

**राघौगढ़।** मुस्लिम समुदाय में मुकद्दस माह रमजान के आखिरी अशरे के साथ एतकाफ का सिलसिला शुरू हो गया है। क्षेत्र की मस्जिदों में मुसलमान आखिरी दस दिनों तक नमाज, कुरान की तिलावत और इबादत में मशगूल रहेंगे। राघौगढ़ शहर की फातिमा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में



विद्युत सजावट की गई है। बुधवार को 21वां रोजा पूरा हुआ। मुस्लिम समुदाय के लोग शबे कद्र की रातों में जागकर विशेष इबादत करेंगे।एनएफएल पालिका बाजार निवासी नोजवान कमेटी के सदस्य बिलाल मंसूरी ने बताया कि एतकाफ सुन्नत इबादत है। पुरुष मस्जिद में बैठकर और महिलाएं घर में किसी एक हिस्से को निर्धारित कर एतकाफ कर सकती हैं। एतकाफ करने से हज और उमराह का सवाब मिलता है।उन्होंने बताया कि शबे कद्र की रातें हजार महीनों से बेहतर मानी जाती हैं और एतकाफ इंसान को अल्लाह के करीब लाने का महत्वपूर्ण जरिया है। रमजान के अंतिम अशरे में समाज में इबादत का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा है।

### रेलवे स्टेशन पर सो रहे यात्री की जेब कटी अज्ञात बदमाश ने पार किए 15 हजार रुपए



**गुना।** रेलवे स्टेशन गुना के बुकिंग विंडो क्षेत्र में सो रहे एक यात्री की जेब से अज्ञात बदमाश ने 15,000 रुपए नकद चोरी कर लिए। फरियादी गोलू अहिरवार (20), निवासी ग्राम पतलेश्वर (आरोन) ने जीआरपी थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के अनुसार, गोलू इंदौर से ऋषिकेश एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर गुना पहुंचा था। रात करीब 1 बजे साधन न मिलने के कारण वह अपने भाई के साथ बुकिंग विंडो के पास सो गया। सुबह 4 बजे नींद खुलने पर उसने देखा कि उसकी पैंट की जेब में रखे 15,000 रुपये गायब थे। मजदूरी के सिलसिले में इंदौर चले जाने के कारण पीड़ित ने अब लौटकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### गुना में उत्पादक समूहों की प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

**गुना।** जिला पंचायत गुना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे की अध्यक्षता में जिले के स्व सहायता समूहों द्वारा गठित उत्पादक समूहों की उन्मुखीकरण और प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के सभी विकासखंडों की महिलाओं ने भाग लिया।जिला परियोजना प्रबंधक सोनू सुशीला यादव ने बताया कि उत्पादक समूहों के माध्यम से कृषि उपज और उत्पादों का एकत्रीकरण कर बड़े बाजारों में बिक्री की जा रही है, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि और किसानों की लागत में कमी हो रही है। कार्यक्रम में उत्पादक समूहों को भविष्य में किसान उत्पादक कंपनी से जोड़कर व्यापारिक अवसर बढ़ाने का मार्गदर्शन भी दिया गया।

### आरोन में सरकारी स्कूलों की खस्ता हालत के खिलाफ ज्ञापन दिया गया




**आरोन।** आरोन तहसील के सरकारी स्कूलों की खस्ता स्थिति और बंद करने की संभावित नीति के विरोध में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। समिति की सदस्य प्रगति नामदेव ने बताया कि गुना जिले में लगभग 300 सरकारी स्कूल सांदीपनी स्कूल के नाम पर बंद किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण बच्चियों के लिए पढ़ाई करना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि उन्हें 15 किलोमीटर दूर स्कूल जाना होगा, जबकि घर के आसपास भी सुरक्षित माहौल नहीं है।ज्ञापन में समिति ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1 लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं, 1895 स्कूलों में तो एक भी शिक्षक नहीं है, फिर भी सरकार कम छात्र संख्या का बहाना बनाकर स्कूल बंद कर रही है। सांदीपनी स्कूलों के पीपीपी मॉडल पर जाने से फीस बढ़ेगी और गरीब छात्र पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर होंगे।समिति ने यह भी कहा कि गांवों में कई स्कूलों में पीने का पानी, हैंडपंप और टॉयलेट की उचित व्यवस्था नहीं है। स्कूल भवन जर्जर हालत में हैं और बारिश में गिरने का खतरा है। ज्ञापन में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की ओर से निम्नलिखित मांगें रखी गईं। जिसमें सांदीपनी स्कूल व एकीकृत विद्यालय के नाम पर 94,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति वापस ली जाए। गुना जिले के 300 सरकारी स्कूलों को बंद करने पर रोक लगाई जाए।बरखेड़ा हाट के आसपास के स्कूलों को मर्ज/बंद करने पर रोक हो।जर्जर सरकारी स्कूलों की मरम्मत की जाए और पीने का पानी व टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।शिक्षकों को तकनीकी कार्यों से मुक्त कर पढ़ाई पर ध्यान देने का अवसर दिया जाए।

## इच्छा मृत्यु की तख्ती का असर, मोबाइल कोर्ट लगाकर सुलझाया टोरिया का 3 साल पुराना विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और मोबाइल कोर्ट की त्वरित कार्यप्रणाली का एक बड़ा उदाहरण बुधवार को ग्राम टोरिया में देखने को मिला। महज 24 घंटे पहले कलेक्टोरेट में जनसुनवाई बंद करने, इच्छा मृत्यु की तख्ती लेकर प्रदर्शन करने वाले पीड़ित ब्राह्मण परिवार की समस्या का अंततः मौके पर ही समाधान कर दिया गया। पिछले 3 वर्षों से लंबित इस रास्ता विवाद को प्रशासनिक अमले ने आपसी सहमति और सीमांकन के जरिए खत्म कराया।जनसुनवाई में प्रदर्शन के बाद हरकत में आया प्रशासनगौरतलब है कि मंगलवार को ग्राम टोरिया निवासी श्यामबाबू शर्मा ने अपने परिवार के 22 सदस्यों के साथ इच्छा मृत्यु और जनसुनवाई के बहिष्कार की मांग करते हुए कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन रास्ता निकालकर कब्जा किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर बुधवार को भारी पुलिस बल और राजस्व अधिकारियों की मोबाइल कोर्ट मौके पर पहुंची।मौके पर सीमांकन और आपसी समझाइश से निकला रास्ताप्रशासनिक टीम ने आधुनिक मशीनों की सहायता से विवादित स्थल का सटीक सीमांकन किया। अधिकारियों ने अहिरवार बस्ती के निवासियों और शर्मा परिवार के बीच संवाद स्थापित कर सामाजिक समरसता की समझाइश दी। लंबी चर्चा के बाद दोनों पक्ष सार्वजनिक रास्ते के लिए उचित स्थान पर राजी हो गए। सहमति बनते ही मौके पर मौजूद जेसीबी की मदद से अवरोधों को हटाकर व्यवस्थित रास्ता साफ किया गया, जिससे अब स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में आसानी होगी।इन अधिकारियों की रही मौजूदगीविवाद सुलझाने की इस बड़ी कार्रवाई में एसडीएम शिवानी पाण्डे, तहसीलदार (नगरीय) जी.एस. बैरवा, तहसीलदार (ग्रामीण) कमल सिंह मण्डेलिया, नायब तहसीलदार जयप्रकाश गौतम, हरिओम पचौरी, और कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव दल-बल के साथ मौजूद रहे। राजस्व निरीक्षक, पटवारी और कोटवारों की टीम ने भी सीमांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शहर के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में आगजनी

# शादी में गया था पूरा परिवार लौटे तो घर का सब कुछ राख

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में बुधवार सुबह एक आगजनी की घटना सामने आई, जिसमें एक गरीब परिवार का पूरा घर और जीवनभर की जमा पूंजी जलकर राख हो गई। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा लगभग सारा सामान स्वाहा हो गया और परिवार के पास केवल वही कपड़े बचे हैं जो वे पहनकर घर से निकले थे।

जानकारी के अनुसार बूढ़े बालाजी हरिपुर रोड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास रहने वाले टीकाराम पुत्र बौरवल सरवैया सुबह करीब 9 बजे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पवन कॉलोनी में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर कोई नहीं था। इसी दौरान अचानक घर से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के



लोगों में हड़कंप मच गया।पड़ोसियों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था।आगजनी में करीब डेढ़ लाख रुपए नकद, कुछ जेवर, कूलर, पंखे, फ्रिज, टीवी, खाने-पीने का राशन, बर्तन, कपड़े, बच्चों की किताबें, साइकिल समेत घरेलू उपयोग का लगभग सारा सामान जल गया। आग की चपेट में आने से मकान को भी काफी नुकसान पहुंचा है।पीड़ित रानी सरवैया ने रोते हुए बताया कि "हम लोग शादी में गए थे। जब वापस आए तो देखा कि घर का सब कुछ जल चुका है। हमारे और बच्चों के पास वही कपड़े बचे हैं जो पहनकर गए थे, बाकी सब कुछ खत्म हो गया।

प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। आगजनी से हुए भारी नुकसान के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि परिवार को फिर से अपने जीवन की शुरुआत करने में मदद मिल सके।इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है और लोग प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की अपील कर रहे हैं।

## सोंजना चक में वन विभाग ने कार्रवाई की, जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया

### वर्षों से बसे परिवारों ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोंजना चक में वन विभाग ने बुधवार को वन भूमि पर बने अतिक्रमणों को हटाने के लिए कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी में विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से भूमि को खाली कराया और उसे अपने कब्जे में लिया।

इस दौरान कई परिवारों ने कार्रवाई का विरोध भी किया और खुद को लंबे समय से यहां बसे होने का दावा किया। जानकारी के अनुसार गांव की कुछ भूमि राजस्व सर्वे नंबर 12, 13, 14, 14/1 और 14/2 के साथ वन विभाग के कक्ष क्रमांक पी-403 और एआईपी-316 के अंतर्गत आती है। इस क्षेत्र में सपेरा, कोरी सहित कई परिवार दशकों से रहकर खेती और मजदूरी के सहारे अपना जीवनयापन कर रहे हैं। प्रभावित लोगों का कहना है कि उनके परिवार चार पीढ़ियों से यहां निवास कर रहे हैं और अचानक अतिक्रमण बताकर उन्हें हटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी वन विभाग की टीम यहां कार्रवाई के लिए पहुंच चुकी है। करीब ढाई महीने पहले हुई कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर और वन मंडल अधिकारी को लिखित शिकायत देकर वन कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार और धमकाने के आरोप लगाए थे। ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण की स्वीकृति मिलने के बावजूद काम नहीं करने दिया गया। बुधवार को दोबारा हुई कार्रवाई के दौरान जब जेसीबी से अतिक्रमण हटाया जाने लगा तो कई महिलाएं मौके पर पहुंच गईं और रोते-बिलखते हुए कार्रवाई रुकवाने की कोशिश करने लगीं। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में विभागीय टीम ने कार्रवाई जारी रखी।

## सीएमओ ने जनगणना हेतु मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आगामी जनगणना 2027 को ध्यान में रखते हुए जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान नंबरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने शहर में चल रहे कार्य का सघन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय से गुना जिले के प्रभारी मनोज कनाडे भी मौजूद रहे। उन्होंने फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए कि प्रत्येक भवन पर स्पष्ट और त्रुटिहीन तरीके से नंबर अंकित किए जाएं तथा नंबर ऐसे स्थान पर लिखे जाएं जो आसानी से दिखाई दें। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे गणना कर्मियों को सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें।इधर जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से संबंधित गतिविधियों के लिए 12 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में टेस्ट



सीएमएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना प्रभारी मनोज कनाडे की उपस्थिति में जिले के सभी चार्ज अधिकारी एवं जनगणना लिपिक पोर्टल का व्यावहारिक अभ्यास करेंगे।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोर्टल के उपयोग, डेटा प्रविष्टि तथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से जुड़ी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य जनगणना 2027 के प्रथम चरण की गतिविधियों को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करना तथा संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि निर्धारित समयसीमा में कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

## नपा गुना ने वाहनों के लिए भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार को प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा छोटे कचरा वाहनों पर लगे वाहन चालकों एवं अग्निशमन वाहन चालकों की मीटिंग ली गई। मीटिंग के दौरान सभी कचरा वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आप अपने प्रभार वाले वार्ड में पार्षद महोदय से अपनी उपस्थिति के हस्ताक्षर करा कर लायेंगे। सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि कई सम्माननीय पार्षदों द्वारा कचरा गाड़ी प्रतिदिन वार्ड में नहीं आने की शिकायत



मिल रही थी, हमने कई वार वाहन चालकों को समझाइश दी किंतु बार-बार शिकायत प्राप्त होनें के कारण वाहन चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह संबंधित वार्ड के पार्षद महोदय से अपनी उपस्थिति प्रमाणित कराकर लायेंगे, जिससे कचरा गाड़ियों का प्रतिदिन वार्डों में जाने का भौतिक सत्यापन हो सकेगा। इसके अतिरिक्त ग्रीष्म कालीन मौसम को दृष्टिगत रखते हुए तथा गुना नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों के पकने को ध्यान रखते हुए सभी फायर वाहन चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सदैव सेवा के लिए तत्पर रहे,जिससे कहीं से भी आगजनी की सूचना आने पर तत्काल अग्निशमन दल रवाना हो सके, जिससे किसानों की फसल का नुकसान न हो साथ ही आगजनी की घटना को भी तत्काल रोका जा सकेगा।


## 4 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार दो लाख रुपए का मादक पदार्थ जब्त

**गुना (हरिभूमि न्यूज)।** जिले में नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए मृगवास थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 4.128 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। मृगवास थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुशवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 10 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर बांसाहेड़ा रोड स्थित ग्राम मदागन की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर दबिश दी।पुलिस को मौके पर एक संदिग्ध युवक बैग के साथ खड़ा मिला, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नैना उर्फ नैनकराम पुत्र जगदीश मीना (21 वर्ष) निवासी ग्राम आम्बेह थाना मृगवास बताया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 4.128 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में मृगवास थाने में अपराध क्रमांक 30/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से गांजा तस्करी के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।कार्रवाई में थाना प्रभारी सुरेश कुशवाह, उपनिरीक्षक नीरज लोधी, सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार भिलाला, आरक्षक सोहन अनारे, राहुल बघेल, विकास राठौर, रवि यादव तथा साइबर सेल के कुलदीप यादव और भूपेंद्र खटीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही

# राजपुरा में अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुरा में पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर करीब 1500 लीटर लहान नष्ट किया तथा 118 लीटर कच्ची शराब और एक अपाचे मोटरसाइकिल जब्त की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में 10 मार्च 2026 को यह कार्रवाई की गई। राघौगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रसना राजावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम राजपुरा स्थित कंजर डेरों पर दबिश दी।दबिश के दौरान पुलिस को डेरों के आसपास छोटे-बड़े ड्रमों और गड्ढों में शराब बनाने के लिए तैयार किया गया करीब 1500 लीटर लहान, भट्टियां और शराब निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री मिली। पुलिस ने मौके पर ही करीब 1.50 लाख रुपये कीमत का लहान और अन्य सामग्री नष्ट कर दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने राहुल पुत्र सोनू कंजर (19 वर्ष) और फूल सिंह पुत्र मिश्रीलाल विश्वकर्मा (46 वर्ष) निवासी ग्राम राजपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 118 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब (करीब 12 हजार रुपये कीमत) और टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (MP08 MW 6792, कीमत लगभग 80 हजार रुपये) जब्त की गई। कुल करीब 92 हजार रुपये का मशरुका बरामद हुआ।इस संबंध में राघौगढ़ थाने में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 34 तथा बीएनएस की धारा 49 के तहत दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई में राघौगढ़ थाना पुलिस के साथ जंजाली चौकी, विजयपुर थाना, धरनावदा थाना और पुलिस लाइन का बल भी शामिल रहा।

### जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर टेस्ट सीएमएमएस पोर्टल पर होगा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण

**गुना।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित आगामी गतिविधियों के लिए 12 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में टेस्ट सीएमएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना जिला प्रभारी मनोज कनाडे की उपस्थिति में जिले के सभी चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना लिपिकों द्वारा पोर्टल का व्यावहारिक अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोर्टल के उपयोग, डेटा प्रविष्टि तथा मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### 57 शालेय दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए



**आरोन।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंर्तगत कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के शालेय दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केन्द्र आरोन में किया गया। एम.आर.सी. अल्ताफ खान द्वारा शिविर में आये दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत एवं शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। शिविर में 57 शालेय दिव्यांग बच्चो को सहायक उपकरण जिसमें 02 ट्राय साईकल, 13 व्हील चेयर, 06 रोलेटर, 08 सी.पी. चेयर, 26 टी.एल. एम.किट, 16 कान की मशीन, 04 ब्रेल, 03 सुगम्य केन का वितरण किया गया। एलिमको से अधिकृत सदस्यों में नीरज मौर्य जी ऑडियोलॉजिस्ट, दीपक कुमार जी द्वारा सहायक उपकरण के उपयोग एवं रखरखाव के बारे में बताया गया एवं लगा कर भी दिखाया। शिविर में साजिद मसूद कुरेशी सहायक परियोजना समन्वयक आई. ई. डी. एवं माखन सिंह धाकड़ बीआरसीसी द्वारा पंजीयन एवं उपकरण हेतु पात्र बच्चों की जानकारी ली गई तथा अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चो को प्रदाय उपकरणों का नियमित उपयोग कराये तभी बच्चो को लाभ प्राप्त होगा कार्यक्रम का संचालन तपन तिवारी द्वारा किया गया शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र के विपिन भार्गव बी.ए.सी.,शिक्षक कपिल ओदिच्य, अभिषेक मीना, मलखान कुशवाह, योगेंद्र राजपूत,सुनील कुशवाह,एवम हरलाल, राधेश्याम जाटव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### एनएसएस शिविर के पांचवें दिन अमोदा में स्वच्छता अभियान और नशा मुक्ति का संदेश




आरोन। शासकीय महाविद्यालय आरोन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत पांचवें दिन ग्राम अमोदा में स्वच्छता एवं नशा मुक्ति विषयक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।बौद्धिक सत्र से पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम अमोदा के मुख्य चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नालियों की सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए आगे भी साफ-सफाई बनाए रखने का आह्वान किया।इसके पश्चात बौद्धिक सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र चंद्रशेखर कुशवाहा और बृजेंद्र राजपूत द्वारा किया गया।सत्र को संबोधित करते हुए होम साइंस विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती मीना गुप्ता ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला और युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। वहीं राजनीति विज्ञान विभाग के सतीश मस्तकार ने कहा कि यदि युवा वर्ग जागरूक हो जाए तो समाज को नशे जैसी बुराइयों से मुक्त किया जा सकता है।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूजा शर्मा ने "अति सर्वत्र वर्जयेत" का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी चीज की अति हानिकारक होती है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।बौद्धिक सत्र के अंतर्गत नशा मुक्ति विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में "प्रसिद्ध आवाज पहचानो" नामक मनोरंजक प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# आवन में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन साइबर सुरक्षा जागरूकता रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़



हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय आवासीय शिविर के दूसरे दिन आवन ग्राम में स्वयंसेवकों द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक, जिला गुना प्रो. हिन्दू सिंह धाकड़ उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. जितेन्द्र सिंह धाकड़ ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।मुख्य अतिथि प्रो. हिन्दू सिंह धाकड़ ने अपने उद्बोधन में एन.एस.एस. शिविर की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के महत्व से अवगत कराया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रो. जितेन्द्र सिंह धाकड़ ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित और सजग उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी डॉ. फौजिया बानो ने शिविर की समस्त गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती पूजा मिश्रा सहित एन.एस.एस. के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वतीदेवी अहिरवार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति पार्वतीदेवी अहिरवार ने अपने निज निवास पर नवनियुक्त सेवादल अध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति शर्मा का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की। श्रीमति अहिरवार ने



कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में सभी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आशा जताई कि मुकेश शर्मा और शक्ति शर्मा अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेंगे।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## वार्षिक परीक्षा को लेकर माधव विद्या मंदिर का अनूठा 'गृह-संपर्क अभियान' शिक्षक पहुंचे विद्यार्थियों के घर

**आरोन।** नगर के माधव विद्या मंदिर हाई स्कूल, आरोन द्वारा वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर एक सराहनीय पहल की गई है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इन दिनों विशेष 'गृह-संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शिक्षक विद्यार्थियों के घर-घर पहुंचकर उनकी पढ़ाई, परीक्षा की तैयारी और शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन कर रहे हैं।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। शिक्षक घर जाकर विद्यार्थियों की अध्ययन की स्थिति जान रहे हैं और जिन विषयों में उन्हें कठिनाई हो रही है, उन विषयों में व्यक्तिगत रूप से समझाकर उनकी समस्याओं का



समाधान कर रहे हैं।साथ ही इस दौरान अभिभावकों से भी संवाद स्थापित किया जा रहा है, जिसमें बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन और परीक्षा की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि अभिभावकों और शिक्षकों के समन्वय से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से अभिभावकों को 'सुविचार कैलेंडर' भी सप्रेम भेंट किया जा रहा है। इस कैलेंडर में महान मनीषियों के प्रेरणादायक विचार एवं जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाले संदेश शामिल हैं, जो विद्यार्थियों और परिवारों को शिक्षा और संस्कारों के प्रति प्रेरित करते हैं।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह पहल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने, नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने और समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।विद्यालय परिवार ने संदेश दिया कि "शिक्षित समाज, विकसित राष्ट्र – हमारी पहचान, संस्कारवान ज्ञान।

# अब चंपावती किले को मिल रही अंतरराष्ट्रीय पहचान, विदेशी पर्यटकों के आगमन पर विधायक प्रियंका पेची ने बताया गौरव

जर्मनी और ब्रिटेन से आए पर्यटकों ने की किले की ऐतिहासिक विरासत और स्थापत्य कला की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा के लिए आज अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर चंपावती किला अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है। इस संबंध में स्थानीय विधायक प्रियंका पेची ने अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने बताया कि पहली बार जर्मनी के श्री जॉर्ज ग्राजन और ब्रिटेन के श्री विल स्टार्क चाचौड़ा पहुंचे और चंपावती किले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को देखने आए। इस अवसर पर पुरातत्व विभाग की ओर से दोनों विदेशी अतिथियों का हार-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें किले के गौरवशाली इतिहास, प्राचीन स्थापत्य कला और इसके ऐतिहासिक महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी गई।विदेशी अतिथियों ने चंपावती किले की प्राचीन स्थापत्य शैली, ऐतिहासिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए इसे पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल बताया।विधायक प्रियंका पेची ने कहा कि विदेशी पर्यटकों के आगमन से चाचौड़ा क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी और भविष्य में पर्यटन के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, जिससे चाचौड़ा का नाम देश-विदेश में और अधिक गौरव के साथ स्थापित हो सके।

### महासंघ का होली मिलन समारोह संपन्न

चांचौड़ा। पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंजके गतिविधि कक्ष में मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ तहसील चांचौड़ा का होली मिलन समारोह महासंघ के जिला अध्यक्ष रविप्रकाश व्यास की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ । समारोह का शुभारंभ भारतमाता पूजन के साथ हुआ! महासंघ की चाचौड़ा इकाई के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया! उक्त समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने की संचालन पेंशनर महासंघ के जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ ने किया! इस अवसर पर महासंघ के मधुसूदन गढ़ तहसील अध्यक्ष राममूर्ति सेन, चाचौड़ा तहसील अध्यक्ष गोकुल प्रसाद बढ़ाई, कृष्ण गोपाल पालीवाल,मंटी लाल मीना, सुदर्शन शर्मा, ओमप्रकाश भार्गव, मदनमोहन पालीवाल, जगदीश टेलर, सत्यनारायण नामदेव, जयप्रकाश शर्मा, अभिषेक मीना, स्पोर्ट टीचर वंदना व्यास आदि विशेष रूप से मौजूद थे।उपस्थित सदस्यों द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी! महासंघ के चाचौड़ा अध्यक्ष गोकुल प्रसाद बढ़ाई ने सभी का आभार व्यक्त किया है!



चांचौड़ा। राजेंद्र शर्मा बिजनी पुरा गोकुल प्रसाद बड़ड़ जगदीश सिंह, रणधीर सिंह मीणा रिटायर शिक्षकों का निकारण किया गया बाकी लोगों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा प्राचार्य को पत्र लिखकर सर्विस बुक के संबंध भी जानकारी ली गई है।

# रबी उपार्जन की तैयारियों की बैठक में समीक्षा की गई और निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

रबी फसलों गेहूं, चना, मसूर की खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों पर समुचित व्यवस्थाएं बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर संबंधित विभागों द्वारा बारदाना, तौल कांटे, परिवहन व्यवस्था, भंडारण, भुगतान की तैयारियां समय से पूर्ण कराई जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित रबी उपार्जन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए ।

बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने निर्देश दिए कि कृषकों के उपार्जित फसलों का भुगतान समय पर हो। फसल तुलाई पश्चात पर्ची उपलब्ध कराई जाए। उपार्जन केन्द्रों का संधारण निर्धारित मापदंड अनुसार किया जाए। उपार्जन संस्थाओं में पर्याप्त भौतिक वित्तीय संसाधन तथा समय सीमा में हो। उपार्जन केन्द्रों पर इंटरनेट कनेक्शन, विद्युत जनरेटर सुविधा, कंप्यूटर, पेयजल, शौचालय, छाया की व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि रबी उपार्जन में गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रशिक्षण हेतु परीक्षण सर्वेयर को नियुक्त रखा जाए। उपार्जन नीति अनुसार जिला उर्पाजन समिति द्वारा मैपिंग की कार्रवाई की जाए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर लगे अमले का प्रशिक्षण कराया जाए। उन्होंने केंद्रबार संबंधित विभागों द्वारा नस्ती संधारण किए जाने के निर्देश दिए।

**गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल**

बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उपार्जन का कार्य 23 मार्च से 12 में 2026 तक किया जाएगा। बैठक में एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा, उपसंचालक कृषि अमित सिंह भदोरिया, जिला प्रबंधक वेयर हाउस, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## समय पर नहीं खुला स्कूल, बच्चे बाहर खड़े होकर इंतजार करते रहे

पिपरई। शासकीय प्राथमिक विद्यालय सीगोंन समय से नहीं खुलता है मौके पर जाकर देखा गया तो सुबह 11:00 बजे तक ताला लगा हुआ था। विद्यार्थियों की कक्षा तीन, चार, छः, और कक्षा सात के छात्रों की वार्षिक परीक्षा थी जिसमें उन्हें सुबह 10:00 बजे का टाइम दिया गया था। लेकिन प्राचार्य भी उपस्थित नहीं थे एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद था।

जिसमें आस्था विशेन प्राथमिक शिक्षक एवं राजकुमार यादव गोलू चंदेल कुमुद शर्मा अतिथि शिक्षक मौके पर उपस्थित थे। आस्था विशेन ने बताया कि हमारे पास विद्यालय की चाबी नहीं है इस कारण से हम बाहर खड़े हुए हैं एवं चाबी का सर से पूछा तो कर कह रहे हे कि मैं रास्ते में हू। लेकिन छात्रों ने बताया कि हम 10:00 बजे आ जाते है और विद्यालय समय पर नहीं खुलता है। विद्यालय में साफ सफाई भी नहीं होती है और विद्यालय परिसर में गांव की कटाई वाले मजदूर रुके हुए हैं। वह यहां पर रुकते है। उन्हें मना नहीं करते हैं। प्राचार्य सूर्य नारायण शर्मा से मोबाइल पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि मैं आज ही लेट हुआ हूं तो मैं समय पर विद्यालय प्रतिदिन जाकर खुद खुलवाता हूं। विद्यालय की ताले की दो चाबी है एक मेरे पास रहती है एवं एक स्टाफ के पास रहती है जिससे कि हम समय पर विद्यालय खुलवाते हैं।

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सामुदायिक विकास गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकासखंड ईसागढ़ के सेक्टर क्रमांक 5 नईसराय में नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में सेक्टर के ग्राम घुरवारकला, डुंगासरा, कालाबाग, नईसराय एवं पचबावडी की प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग सत्रों के माध्यम से प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, ग्राम विकास में उनकी सहभागिता, सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा समुदाय को संगठित करने के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को समितियों के सुदृढ़ संचालन, पारदर्शिता, सामुदायिक नेतृत्व एवं जनभागीदारी के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि चन्देरी विधायक प्रतिनिधि शिवप्रताप सिंह रघुवंशी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता और विकास कार्यों को गति देने का सशक्त माध्यम हैं। समितियों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा सकता है।

अध्यक्षता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ने की। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद का उद्देश्य समाज की भागीदारी से विकास को गति देना है और प्रस्फुटन समितियां इस उद्देश्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सतपाल सिंह जाट, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक, नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति के अध्यक्ष विपिन रघुवंशी, मेंटर संजीत प्रजापति, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र कपिल रजक सहित विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए प्राप्त जानकारी को अपने-अपने ग्रामों में लागू करने तथा सामाजिक विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## डीईओ ने बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025-26 की अंतरजिला अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु बनाए गए मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र पर डीईओ द्वारा सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, व्यवस्थाओं, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल पर प्रतिबंध, गोपनीय कक्ष मैं संलग्न स्टॉफ एवं



तकनीकी संसाधनों का अवलोकन किया गया। मूल्यांकन कक्षो का भ्रमण कर मुख्य परीक्षक, उप मुख्य परीक्षक, मूल्यांकनकर्ता विषय शिक्षकों से चर्चा की गई। मूल्यांकन कार्य को पूरी गोपनीयता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# राजपुर केंद्र पर वैक्सीन का शुभारंभ किया, किशोरी बालिकाएं शामिल हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

यह कार्यक्रम सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के नेतृत्व में पूरी स्वास्थ्य टीम ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। किशोरी बालिकाओं का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल बेहद प्रेरणादायक और उत्सव जैसा बन गया।

कार्यक्रम के संचालन और टीम के नेतृत्व में डॉ. पुष्पेंद्र लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर पूरे अस्पताल को विशेष रूप से सजाया गया था, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़



गई कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत की पूरी टीम भी मौजूद रही, जिनमें त्व्कड प्रियंका सोनी, टब्बड पंकज शर्मा, कोल्ड चेन पॉइंट हैंडलर सारदा बघेल, नर्सिंग स्टाफ आरती धुर्वे, सीएचओ कुलदीप मीणा शामिल रहे। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाइजर टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम में इंद्राणी शर्मा, कृष्णा अहिरवार, कनीज शाह, अनार बाई, बृज कुमारी, रानी पटवा, इमरती बाई, जमीला, आशा सुपरवाइजर ममता कुशवाह, ललिता कुशवाह, राम बाई रजक, उमेश यादव, मधु शर्मा, मनीषा यादव उपस्थित रहीं। हॉस्पिटल स्टाफ में धर्मेंद्र अहिरवार, टीकम दास, राजालाल सहरिया, नवल कुशवाह, देशराज लोधी सहित सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। पूरे कार्यक्रम में टीमवर्क, उत्साह और सेवा भावना की एक मिसाल देखने को मिली।

## जिला अस्पताल में बनाए गए जन औषधि केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां नहीं

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल अशोकनगर में जन औषधि केंद्र बना हुआ है यहां आम आदमी को शासन की ओर से कम दाम पर दवाइयां उपलब्ध कराने का अभियान शुरू किया गया था। यहां जन औषधि केंद्र चल भी रहा है लेकिन इस जन औषधि केंद्र पर पर्याप्त मात्राएं में दवाइयां नहीं है।

जो भी मरीज दवाओं के पर्चे लेकर पहुंचते हैं उन्हें पर्याप्त मात्रा में दवाई नहीं मिलती जबकि शासन की मंशा है कि आम आदमी को कम दामों पर आसानी से उपलब्ध होने वाली दवाइयां जन औषधि केदो पर मिल सकें। ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना का सपना साकार हो सके। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। जिला अस्पताल के एक छोटे से कमरे में यह जन औषधि केंद्र चल रहा है यहां भी गिनती की दवाएं रखी हैं, जिसे लेकर जागरूक नागरिक और व्यापारी सोनू बंसल ने




बताया कि उन्हें भी कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वह कई मर्तबा दवाएं लेने के लिए गए हैं लेकिन उन्हें दवाई नहीं मिली। यह कह दिया जाता है कि यह दवाइयां नहीं है जिसके कारण वह मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर दवाइयां खरीद रहे हैं। यदि जन औषिधी केंद्र बनाया गया है तो उसका लाभ भी आम जनों को मिलना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में दवाइयां होना चाहिए। जिनके भी संरक्षण में और देखरेख में यह जन औषधि केंद्र चल रहा है उन्हें भी इस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है ताकि लोग लाभान्वित हो सके।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण मृत अवस्था में पुलिया के नीचे मिला

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत सुरेश पुत्र छुटटीलाल अहिरवार उम्र 65 साल निवासी ग्राम बलदाई गुना अशोकनगर रोड से ग्राम बलदाई की ओर जाने वाली सड़क की पुलिया के नीचे मृत अवस्था में मिला है, जिसके सिर के ऊपर से खून निकल रहा था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### यादव कॉलोनी में मिला अज्ञात युवक का शव

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत यादव कॉलोनी के पास एक अज्ञात पुरूष का शव मृत अवस्था में मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। युवक के सिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अज्ञात व्यक्ति कार चोरी कर ले गया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत ललित नामदेव पुत्र रमेशचन्द्र नामदेव उम्र 49 साल निवासी वेदांत भवन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बगुल्या मैरिज गार्डन के बाहर से कोई अज्ञात आरोपी उसकी 9 लाख रूपए कीमत की कार चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### अवैधानिक मत्स्याखेट सुखान पर कार्यवाही

**अशोकनगर।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग एनएस दंडोतिया ने बताया कि जमाखेडी जलाशय पर अवैधानिक मत्स्याखेट संबंधी कार्यवाही की गई। साथ ही जमाखेडी जलाशय पर मौके पर जाकर अवैधानिक मत्स्याखेट चट्ठी जाल से सुखान मछली जप्ती की गई तथा सूखी मछली की नीलामी की गई।

### नाबालिग को 2 घंटे में परिवार को सुपुर्द किया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना सेहराई पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुम हुए 12 वर्षीय बालिका को मात्र 02 घंटे में सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च को शाम करीब 7.00 बजे ग्राम चिरोली निवासी फरियादिया द्वारा थाना सेहराई उपस्थित होकर बताया कि उनकी 12 वर्षीय पुत्री को उन्होंने डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी बालिका का कोई पता नहीं चल सका।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तायड़े कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद नगर निवासी नीलम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनय अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पेयजल के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**अशोकनगर।** ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि कंट्रोल रूम में पेयजल से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। जिला स्तर पर राजेन्द्र सिंह मो. नम्बर 8349088783, पूरन सिंह मो. न. 9893911483 तथा कमल कुमार शर्मा मो. न. 8435266206 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसी प्रकार विखं अशोकनगर में आर.एस. गुर्जवार मो. न. 7697569214, ईसागढ़ में सृष्टि गुप्ता मो. न. 6264690889, मुंगावली में रोहित त्यागी मो.न. 8982436835 तथा चंदेरी में धर्मांशु दीक्षित मो.न. 8461098214 पर शिकायत कर सकते हैं।

---

### एसपी ने किया फरार आरोपी पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित

# अंतर्राष्ट्रीय शूटर गैंग हैरी व ऋतिक बॉक्सर को मदद करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

12 मई को अशोकनगर में एक व्यापारी को बॉक्सर गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से वाट्सअप कॉंल, वीडियो कोल, वाईस नोट द्वारा डरा धमकाकर दस करोड की फिरौती मांगने व नही देने पर फरियादी तथा परिवार को खत्म करने की धमकी वाले मामले में अशोकनगर में दर्ज प्रकरण के बाद पुलिस ने दो आरोपियो को और गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा फरार आरोपी प्रदीप शुक्ला पर 10,000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस ने तमाम तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग करते हुए आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाकर जयपुर, जैसलमेर, राजस्थान, इंदौर, गोवा तथा अन्य स्थानों पर जाकर साक्ष्य एकत्रित किए। उक्त समयावधि में ही अशोकनगर शहर सहित आसपास के होटल, लोज, धर्मशाला, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन सहित सभी स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त प्रकरण में अशोकनगर कोतवाली पुलिस एक आरोपी मनीष जांगिड की गिरफ्तारी पहले ही कर चुकी थी उक्त आरोपी से विवेचना के दौरान गोपनीय सूचनाओं एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार कई टीमें देश के अलग अलग राज्यो में रवाना की गई थी।






### पुलिस की टीमें राजस्थान के कई शहरों और गोवा में कैमरों की फुटेज खंगालती रहीं

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि हैरी बॉक्सर द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी मनीष जांगिड को पैसे एवं हथियार उपलब्ध कराये जाने की जानकारी एकत्रित की जा रही थी, इसी क्रम में एक टीम गोवा एवं राजस्थान रवाना की गई थी। टीम ने गोवा जाकर लगभग 200 केमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमे एक संदिग्ध का फोटो प्राप्त हुआ था। उसकी तस्दीक की गई तो वह बॉक्सर गैंग का प्रदीप शुक्ला होना पाया गया। जिस पूर्व में जयपुर के जी-क्लव ओर ग्वालियर के हजीरा थाना में फिरौती के लिये फायरिंग करनें के अपराध भी दर्ज है जिसका अपराध क्रं. 502/22 है, जिसमें आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त आरोपी पर 10,000 रू. का ईनाम भी घोषित किया गया है।

### पुलिस को गैंग के सदस्य दुर्गेश सोनी की तलाश

यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि दुर्गेश सोनी हैरी बॉक्सर गैंग का सदस्य है और यह 17 साल की उम्र में ही हत्या कर चुका है जिसके लिये जेल भी रह चुका है, जेल से बाहर आने के बाद यह बॉक्सर गैंग के लगातार संम्पर्क मे आकर काम करने लगा, जिसकी सघन तलाश की जा रही है।

### पवन शर्मा और प्रदीप शुक्ला ग्वालियर में हुई फायरिंग दौरान साथ रहे चुके हैं

विवेचना के द्धौरान यह स्पष्ट हुआ कि प्रदीप शुक्ला के कहने पर भिण्ड जिले के कचनावकलां निवासी पवन शर्मा द्वारा अशोकनगर मे वारदात करने वाले आरोपी मनीष जांगिड को 4000 रूपये दिये थे। पवन शर्मा पूर्व में जिला ग्वालियर में हुई फायरिंग में प्रदीप शुक्ला के साथ शामिल रहा है और पिछले कुछ दिनों के लिए उसे अपने मंदिर के निवास पर शरण भी दिये हुये था। इसी प्रकार एक टीम राजस्थान के बीकानेर भी रवाना की गई थी जिसने तस्दीक में पाया कि मनीष जांगिड को वहाँ से भी 40,000 रूपये ऑनलाईन फोनपे के माध्यम से दिये गये थे। पुलिस टीम एक संदिग्ध को पूछताछ के लिये अपने साथ अशोकनगर लेकर आई थी दौराने पूछताछ आरोपी दिनेश सुथार ने बताया कि उसे हैरी बॉक्सर गैंग के दुर्गेश सोनी ने एक नम्बर दिया था जिस पर 40,000 हजार रूपये ऑनलाईन देने का बोला था जिसमे अपना फायदा भी होगा जो मैने पैसे ऑनलाईन किये थे। इसके अतिरिक्त 65,000 रू. अन्य गैंग की अवैध गतिविधियो के लिये भी टान्सफर किये गये है जिसको चिन्हित किया जा चुका है एक टीम भी रवाना की गई है।

---

### अशोकनगर कलेक्टर कार्यालय की लिफ्ट फिर बंद, दिव्यांग परेशान

**अशोकनगर।** कलेक्टर कार्यालय अशोकनगर में दिव्यांगों के लिए एकमात्र विकल्प है लिफ्ट है लेकिन यह लिफ्ट जब से नए कलेक्टर आए हैं तब से ही बंद पड़ी है। पूर्व कलेक्टर के द्वारा संबंधित कंपनी में दबाव बनाकर इस लिफ्ट को चालू कराया गया था जिसका परिणाम यह रहा कि जब तक वह अशोकनगर में रहे तब तक यह लिफ्ट चलती रही, जिससे दिव्यांग संबंधित विभागों में अपने कार्यों के लिए जाने के लिए आसानी से लिफ्ट का उपयोग करते रहे। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं जो बुजुर्ग हैं और असहाय है उन्हें विभिन्न विभागों में जाना है या कलेक्टर के यहां आवेदन देने पहुंचना है उन्हें वहां तक पहुंचने के लिए एक मात्र लिफ्ट की व्यवस्था है जिसके माध्यम से वहां तक पहुंच सकते हैं लेकिन लिफ्ट बंद होने के कारण यह दिव्यांग बुजुर्ग और असहाय लोग सीढ़ियां चढ़कर अधिकारियों के कार्यालय को जाने पर मजबूर हैं। सही बात तो यह है कि जब से कलेक्टर कार्यालय में इस लिफ्ट का प्रारंभ होना शुरू हुआ है तब से लिफ्ट मुश्किल से कुछ महीने ही काम करती रही है बाकी समय लिफ्ट बंद रहती है। जिस कंपनी ने यह लिफ्ट लगाई है उस कंपनी से कोई भी अधिकारी न तो बात करने के लिए तैयार है न दबाव डालने के लिए तैयार है। यहां आने वाले तमाम नेता जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक भी आते जाते हैं लेकिन इस लिफ्ट जैसे महत्वपूर्ण कार्य को प्रारंभ कराने में उनकी कोई रुचि नहीं है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है लोग परेशान हो रहे हैं, शासन का पैसा भी लगा है और उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है इस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

---

### भंडारे का आयोजन किया गया

## माता शीतला का धूमधाम से जन्मोत्सव किया आयोजित



**अशोकनगर।** नईसरायं कस्बे के बीचो-बीच स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर पर शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को मां शीतला को बासोड़ा का भोग लगाया गया। इसके साथ ही माता रानी का जन्मोत्सव उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। इसके अलावा शीतला माता का विशेष श्रृंगार किया गया साथ ही परिसर में भंडारा भी आयोजित किया गया व मंदिर में महिलाओं द्वारा फूलों व रंगों की होली खेली गई। शीतला माता मंदिर से क्षेत्र के हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी है, मंदिर पर हर साल चैत्र मास की अष्टमी को शीतला माता का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान माता का श्रृंगार किया जाने के साथ विशेष पूजा और आरती की जाती है। मंदिर के पुजारी राजाराम बैरागी ने बताया कि अष्टमी की सुबह शीतला माता का मंत्रोच्चार के साथ श्रृंगार किया गया। इसके बाद महा आरती की गई, आरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरों से आरती की थाल सजाकर मंदिर पहुंची और महाआरती में हिस्सा लिया आरती के बाद भंडारा आयोजित किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। इसके चलते महिलाओं ने माता को बासी भोजन का भोग लगाया, महिलाओं द्वारा पर्व के एक दिन पूर्व साफ-सफाई कर भोजन व अन्य सामग्री बनाकर पूजा अर्चना करते हुए अगले दिन माता रानी को बासोड़ा का भोग लगाया जाता है। इसके साथ ही रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम भी किया जाएगा।

---

दुल्हन का भोपाल में उपचार जारी

## एक दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना में दोनों वाहन चालकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले के नईसरायं शाढ़ौरा मार्ग पर मंगलवार को एक बुलेरो वाहन ने कार में टक्कर मार दी थी। इस घटना में दुल्हन के जीजा की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना में कार चला रहे सौरभ खटीक गंभीर रूप से घायल हो गए थे वुधवार को उनके निधन की जानकारी सामने आई है। उधर दूसरी ओर बुलेरो वाहन के चालक राहुल पुत्र उदयभान सिंह यादव निवासी टोरिया जिला शिवपुरी की भी मौत हो गई है।

घटना में बताया गया है कि कार चला रहे सौरभ खटीक के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे जिसके बाद जैन परिवार के सदस्यों के साथ ड्रायवर को भी उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया था जहां उसकी भी मौत हो गई है। जबकि बुलेरो वाहन चला रहे राहुल यादव शाढ़ौरा में एक शादी समारोह में अपने ताउ के साथ आए थे ताउ को गार्डन में छोड़कर वह अपने घर वापिस लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया। इस घटना में दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बताया गया है कि वह घटना के बाद से कोमा मे है, उसके सिर में 36 टांके आए हैं, हाथ और पैरो में भी फेक्चर है। इस घटना में दुल्हन के जीजा ब्यावरा निवासी वैभव जैन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना में 3 परिवारों पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है।

घटना के बाद गंज बासौदा में आयोजित यह विवाह समारोह कैंसिल कर दिया गया है। यह कार्यक्रम चक्रेश जैन के पुत्र गौरव जैन और साक्षी जैन का विवाह समारोह होना था। गौरव जैन बैंक में सर्विस करता है, इस घटना में दुल्हन की बहन पूजा, मां शीला बाई दादी प्रेमबाई, खूशबू जैन और एक बालिका घायल हुई थी। जिस परिवार में विवाह की तैयारियां हो रहीं थी परिवार के लोग घर में बहू के आने का इंतजार कर रहे थे लेकिन इस हादसे की खबर ने पूरे परिवार को गम में ला दिया है। विवाह की सारी तैयारियां हो गई थीं नाते रिश्तेदारों को निमंत्रण बाटें जा चुके थे, मेहमान घर पर आ चुके थे बस दुल्हन के आने का इंतजार था। लेकिन इस एक्सीडेंट की खबर के बाद विवाह निरस्त कर दिया है जो रिश्तेदार आए थे वह अपने घरों को वापिस लौट गए हैं।

---

## 13 को सहराई में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन होगा

### शासकीय महाविद्यालय सहराई में विकसित भारत संसद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 13 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से शासकीय महाविद्यालय सहराई में विकसित भारत संसद 2026 के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय आपातकाल के संदर्भ में चर्चा विचार विमर्श एवं तार्किक प्रस्तुति का अवसर प्रदान करेगा। जिला स्तरीय युवा संसद में जिले के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जिन्होंने मैं भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है तथा साथ ही जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच है। पत्र प्रतिभागी संसदीय प्रक्रिया की तर्ज पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सार्थक संवाद स्थापित करेंगे। इस मंच के माध्यम से युवा न केवल इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का विश्लेषण करेंगे बल्कि वर्तमान में लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के सुझाव भी प्रस्तुत करेंगे।

आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल, तथा संवैधानिक समझ का विकास करना है। आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विकसित भारत युवा सांसद 2026 का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम युवाओं को लोकतांत्रिक तरीके से अपने विचार रखने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। इसमें 10 मार्च 2026 तक 185 युवाओं ने मैं भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराया है। यहां से 05 प्रतिभागियो का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद भोपाल विधानसभा हेतु किया जाएगा।

यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय समिति का गठन किया गया है जिसमें संयोजक डॉक्टर अंजू सिहारे, सह संयोजक रविंद्र कुमार रितोरिया को दायित्व सौंपा गया है। रांची डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं तथा संसदीय प्रणाली की कार्य प्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

---

## कलेक्टर की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गैस एजेंसी संचालकों एवं कॉमर्शियल गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं (प्रतिष्ठापन संचालकों) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा उपस्थित थे। कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिये कि वर्तमान परिस्थितियों में एलपीजी के विवेकपूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेण्डर के स्थान पर अन्य वैकल्पिक स्त्रोत विद्युत उपकरण (इंडक्शेन) डीजल भटटी, सौलर से चलने वाले उपकरणों के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाएं। जिले में पेट्रोल/डीजल /सीएनजी एवं घरेलू गैस सिलेण्डरों उपलब्धता पर्याप्त है। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है।




---

## उत्पादक समूहों की कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला अशोकनगर अंतर्गत अध्यक्ष जिला पंचायत अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की उपस्थिति में बुधवार को जिले में स्व सहायता समूहों द्वारा गठित 25 उत्पादक समूहों की जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यशाला में डीडीएम नावार्ड मानिक मिश्रा, एलडीएम राजीव राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा उत्पादक समूह की दीदियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा गया कि विकासखंडों में अधिक से अधिक उत्पादक समूहों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। विकासखण्डवार उत्पादक समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों का व्यारप प्रचार-प्रसार किया जाकर बैहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिये जिला प्रशासन प्रतिवद्ध है। जिस हेतु कार्ययोजना तैयार कर समूहों को सशक्त बनाया जा रहा है। उत्पांदक समूहों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं सहयोग दिया जा रहा है जिससे भविष्य में इन्हें किसान उत्पादक कंपनी से जोड़कर बेहतर व्यापारिक अवसर प्रदान किए जा सकें। उत्पादक समूह ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहे हैं। इनके



माध्यम से जहां एक ओर स्व सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, वहीं दूसरी ओर "सशक्त महिला दृ सशक्त मध्यप्रदेश" एवं "आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश" की परिकल्पना को भी साकार रूप मिल रहा है।

स्व सहायता समूह की महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु विभिन्न नवाचार एवं पहल की जा रही हैं। शासन स्तर से भी इन प्रयासों को निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। उत्पादक समूहों के गठन का उद्देश्य स्व सहायता समूह के सदस्यों की कृषि उपज एवं कृषि आधारित उत्पादों को बेहतर विपणन अवसर उपलब्ध कराना है। ग्राम स्तर पर कृषि उपज का एकत्रीकरण कर ग्रेडिंग के पश्चात बड़े बाजारों में विक्रय किया जा रहा है, जिससे समूहों को बेहतर लाभ प्राप्त हो रहा है तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की लागत में भी कमी है कुछ उत्पादों का प्रसंस्करण कर विपणन किए जाने से समूहों की आय में वृद्धि हो रही है। इसमें आजीविका मिशन से जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा, जिला प्रबंधक कौशल अवनीश अग्निहोत्री, जिला प्रबंधक शिव प्रसाद सिंह, विकासखंड प्रबंधक अखिलेश सिंह, अमर सिंह अहिरवार, विनोद भारद्वाज, सौरभ जैन, मनोज व्यास, मोहित सिंह चंदेल, समूहो के सदस्य उपस्थित थे।

---

### जनगणना 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## गणकों को समझाईं गणना की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट भवन के ई-दक्ष केन्द्र में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा प्रशिक्षण ले रहे नोडल अधिकारियो एवं सहायकों को निर्देशित किया गया कि जनगणना प्रशिक्षण की बारीकियों को अच्छी तरह से समझे जिससे आगामी समय में होने वाली जनगणना को सफलता पूर्वक किया जा सके।

प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई, 30 मई, 2026 की अवधि में किया जाना है, राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अद्यतन करने के कार्य के लिये 3 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यकम जनगणना कार्य निदेशालय, म.प्र.भोपाल के प्रशिक्षक प्रशिक्षण अधिकारी मोहम्मद जमील खान, राकेश मीना द्वारा जिला स्तर से जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जनगणना लिपिक एवं चार्ज स्तर से चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त नार्ज अधिकारी तथा जनगणना



लिपिक को ग्रामीण चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जनगणना निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार ऑनलाईन की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना कार्यों की बारीकियों की जानकारी विस्तार से दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिले में दो चरणों में जनगणना का कार्य होगा। पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 के मध्य किया जाएगा। जिसमें मकान का सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा। वहीं द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न होना है। इस बार जनगणना का कार्य डिजिटल रूप से मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन कर किया जायेगा, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इस बार नागरिकों को अपना जनगणना डेटा स्वयं ऑनलाईन भरने की सुविधा के लिये स्व गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ-साथ अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी अधिकारियों को दी गई। साथ ही, जनगणना कार्य के दौरान संभावित समस्याओं और प्रश्नों पर प्रतिभागियों से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।

भारत की जनगणना, भारत के लोगों की विभिन्न विशेषताओं पर सांख्यिकीय जानकारी का सबसे बड़ा एकल स्त्रोत है। भारत की जनगणना को दुनिया के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्यों में से एक माना जाता है। आगामी जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी जो वर्ष 1872 से 16वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। जनगणना 2027 में स्व.गणना पोर्टल, मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया जायेगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर डी.एन सिंह,जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक, नगर जनगणना अधिकारी, चार्ज अधिकार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 3 घंटे की सर्जरी से जगी नई जिंदगी की उम्मीद

एम्स भोपाल में इलिजारोव तकनीक से जोड़ी गई बाएं पैर की हड्डी

# एक साल की उम्र में टूटा पैर, 4 साल तक झेला दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़





बचपन के एक हादसे ने जिस जिंदगी को अपंगता की ओर धकेल दिया था, अब वही जिंदगी फिर से सामान्य होने की उम्मीद जगा रही है। इलिजारोव तकनीक की मदद से भोपाल एम्स के डॉक्टरों ने करीब 3 घंटे तक चली जटिल सर्जरी में बाएं पैर से हड्डी काटकर दाएं पैर में जोड़ दी। मरीज को स्वस्थ करने की प्रक्रिया का ऑपरेशन पांच चरणों में पूरा होगा और पूरी प्रक्रिया तीन साल में पूरी होगी।

जिले के भवानीपुरा थाना कालीपीठ के मरीज हरिओम तंवर 5 साल से अपने पैर को लेकर परेशान है। हरिओम का पैर महज एक साल की उम्र में बाइक से गिरने के कारण बुरी तरह टूट गया था। उस समय हुए उपचार के बाद पैर ठीक तरह से विकसित नहीं हो पाया और धीरे-धीरे दोनों पैरों की लंबाई में करीब 6 इंच का अंतर हो गया। चलते समय उसे भारी परेशानी होती थी और परिवार इलाज के लिए मुंबई सहित कई बड़े शहरों में भटका, लेकिन हर जगह निराशा ही हाथ लगी। इसी दौरान जिला प्रशासन के प्रयासों से हरिओम का मामला भोपाल एम्स तक पहुंचा। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा की पहल के बाद एम्स भोपाल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक मेहरा और एम्स अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता के विशेष सहयोग से इलाज की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले चरण में डॉक्टरों ने इलिज़ारोव तकनीक का उपयोग करते हुए करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन किया और दूसरे पैर से हड्डी का हिस्सा लेकर दाएं पैर में जोड़ दिया। डॉक्टरों के अनुसार आगे के चरणों में धीरे-धीरे हड्डी की लंबाई बढ़ाई जाएगी, ताकि दोनों पैरों की लंबाई बराबर हो सके और मासूम सामान्य रूप से चल सके।

### पूर्णतः निशुल्क होगा मासूम का इलाज

राजगढ़ कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयासों ने असंभव को संभव कर बताया है और भोपाल एम्स में 9 मार्च को पहला सफल ऑपरेशन हुआ। इस तरह के 5 चरण होंगे जिनमें 3 साल का समय लगेगा। इसमें एम्स के अधीक्षक डॉ विकास गुप्ता का विशेष सहयोग रहा एवं डॉ प्रतीक मेहरा अस्थि रोग विशेषज्ञ में सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस तकनीक को इलिजारोव तकनीक कहलाता है जो एक जटिल प्रक्रिया है। सिविल सर्जन रजनीश ने बताया कि कलेक्टर मिश्रा के प्रयासों से यह सब संभव हो पाया है जहां पर पूरा इलाज निःशुल्क संभव हो पाया है।

#### 5 चरणों में पूरा होगा इलाज

डॉक्टरों के अनुसार यह उपचार एक लंबी प्रक्रिया है। करीब तीन साल में पांच चरणों में ऑपरेशन किए जाएंगे। हर चरण में हड्डी की स्थिति और लंबाई को नियंत्रित तरीके से बढ़ाया जाएगा, जिससे अंत में दोनों पैरों की लंबाई लगभग समान हो सके।

#### *क्या है इलिज़ारोव तकनीक*

*इलिजारोव तकनीक ऑर्थोपेडिक सर्जरी की आधुनिक पद्धति है, जिसमें विशेष रिंग और रॉड के जरिए हड्डी को धीरे-धीरे खींचकर उसकी लंबाई बढ़ाई जाती है। जटिल मामलों में यह तकनीक मरीज को सामान्य जीवन जीने का मौका देती है।*

## कृषि विभाग ने पुलिस व हार्वेस्टर संचालकों की बैठक ली



**सारंगपुर।** फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को सारंगपुर क्षेत्र में कृषि विभाग ने पुलिस अधिकारियों और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में नरवाई प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपुत ने थाना सारंगपुर में बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक करना और हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य करना था।

बैठकों के दौरान पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में संचालित हार्वेस्टर मशीनों और उनके संचालकों के संपर्क विवरण भी उपलब्ध कराए गए। यह कदम फसल कटाई के दौरान नियमों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

6 किसानों के खेतों में लगी आग
दिन में बिजली बंद करने की मांग
नहीं तो करेंगे चक्काजाम

## उदनखेड़ी में शॉर्ट सर्किट से फिर जली 15 बीघा फसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम उदनखेड़ी में बुधवार को एक बार फिर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें करीब 15 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग से छह किसानों को भारी नुकसान हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद चिंगारी गिरने से सूखी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से किसान दुर्गाप्रसाद बापूलाल, संजय एवं हरिओम पिता नारायण सिंह, हिम्मत सिंह पिता रामसिंह, बहादुर सिंह पिता रामसिंह और दिवान सिंह पिता चंदरसिंह के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है और कटाई का दौर चल रहा है। खेतों में फसल सूख चुकी होने के कारण अब सिंचाई की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद दिन के समय बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे बिजली लाइनों में शॉर्ट सर्किट होकर बार-बार आग लग रही है। किसानों का कहना है कि जब फसलों को पानी की जरूरत थी तब रात में बिजली दी जाती थी, लेकिन अब जरूरत नहीं होने पर दिन में बिजली दी जा रही है, जिससे नुकसान हो रहा है। जनपद सदस्य शांतिलाल नागर ने किसानों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यदि बिजली आपूर्ति का समय नहीं बदला गया तो शुक्रवार से क्षेत्र के किसान चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

किसानों के अनुसार उदनखेड़ी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। 7 मार्च को पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदलाल नागर और लक्ष्मीनारायण नागर के खेतों में करीब 30 बीघा फसल जल गई थी। 8 मार्च को दुलीचंद सेन पाटक्या के खेत में 3-4 बीघा फसल जली, जबकि 9 मार्च को भ्याना रोड पर किसान रामचंद्र सेन के खेत में भूसा और पराली आग की चपेट में आ गए थे। मामले में एसडीएम रोहित बम्हौरे ने कहा कि यदि पंचायतों के माध्यम से किसानों का आवेदन प्राप्त होता है तो बिजली आपूर्ति का समय बदलने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

साइड मांगने की बात पर रॉड से की गई थी हत्या

## हत्या के आरोपी को वारदात के 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



दो दिन पूर्व खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत वाहन की साइड मांगने की बात पर पिकअप वाहन चालक ने रॉड से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। खिलचीपुर पुलिस ने वारदात के 24 घंटे में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

9 मार्च को खुजनेर थाने के ग्राम सिरोजी निवासी भगवान सिंह राजूपत उम्र 60 वर्ष अपने दामाद मनोहर सिंह राजपूत को सांस की बीमारी के इलाज के लिए कार से झालावाड़ ले जा रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दोनों जैसे ही खिलचीपुर बस स्टैंड के सिटी पोर्सन पर पहुंचे तब वहां जाम के हालात बने हुए थे। ऐसे में ससुर (भगवान सिंह) ने दामाद को जल्द अस्पताल पहुंचाने जाम खुलवाने का प्रयास किया। इस दौरान एक पिकअप वाहन चालक से उनका विवाद हो गया।

पुलिस के अनुसार पिकअप चालक कैलाश तंवर निवासी ग्राम राजपुरा नशे की हालत में था और उसने बगैर कुछ सोचे समझे भगवान सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बावजूद भगवान सिंह दामाद को झालावाड़ लेकर पहुंचे जहां उनके सिर से निकले अत्यधिक खून के चलते बाद में उनकी मौत हो गई। खिलचीपुर पुलिस ने हत्या के आरोपी कैलाश तंवर को अंततः गिरफ्तार कर लिया है।

आंदोलन की राह अपनाने की ओर अतिथि शिक्षक

## पूर्व सीएम की घोषणा पूरा करने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल में अतिथि शिक्षकों की एक महापंचायत बुलवाई थी। इस महापंचायत में चौहान द्वारा घोषणा की गई थी कि सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित कर दिया जाएगा। लेकिन, उक्त घोषणा पर वर्तमान सरकार ने अमल नहीं किया है।

इसी बात से आक्रोषित जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम बुधवार दोपहर एसडीएम निधि भारद्धाज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की बात तो दूर बल्कि पूरे प्रदेश में करीब 10 हजार अतिथि शिक्षकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। अगर शासन ने अतिथियों को नियमित नहीं किया तो जल्द ही भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी, संरक्षक रामचंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, हेमंत नागर, पंकज कुशवाह, बजरंग चौहान, सलीम अंसारी, प्रहलाद रुहेला, लक्ष्मण वर्मा, अनारसिंह तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

किसान कहीं और का जमीन कहीं और की

## रबी फसल उपार्जन हेतु फर्जी किसान का किया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सरकार द्वारा रबी फसल के उपार्जन के लिए पंजीयन कराने किसानों को सूचित किया। पंजीयन के लिए प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था एवं ऑनलाइन के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए रबी फसल का पंजीयन करवाना सुनिश्चित किया है। पंजीयन में संबंधित किसान की समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता सहित कृषि भूमि की नकल अनिवार्य की गई है ताकि कोई फर्जी रूप से संबंधित किसान की कृषि भूमि पर बोई रबी फसल के लिए पंजीयन नहीं करा सके।

संबंधित कृषक ही रबी फसल के उपार्जन हेतु पंजीयन की पात्रता रखता है। लेकिन, राजगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर फर्जी किसानों का पंजीयन होने की बात जनचर्चा में है। इतना ही नहीं मंदिर की कृषि भूमि जिसके व्यवस्थापक कलेक्टर हैं और संबंधित मंदिर के पुजारी साधु संत उक्त जमीन की फसल या फसल के लिए पंजीयन करा सकता है, किंतु उसमें भी माफियाओं ने अपना कब्जा कर लिया। हाल ही में हमारे संवाददाता को ऐसा ही मामला संज्ञान ने आया। सारंगपुर तहसील के ग्राम बालोड़ी ख्रिलोड़ी मठ श्रीराम मंदिर बालोडी मठ नरसिंह मंदिर के नाम से कुल किता 9 एवं 8,543 हेक्टर कृषि भूमि जो कि व्यवस्थापक कलेक्टर राजगढ़ के नाम अंकित होकर महंत सुखराम दास त्यागी महाराज के अधिपक्त में है। उक्त जमीन की आमदनी मंदिर की पूजा एवं संत सेवा में काम आ रही है। उसी भूमि का फर्जी तरीके से प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कोठारी कला तहसील नरसिंहगढ़ में फर्जी किसान एवं सोसायटी की मिली भगत से रबी फसल के लिए पंजीयन कर दिया गया। इसकी जानकारी संबंधित मंहत को लगी तो उनके द्वार उक्त मामला संवाददाता को बताया उनके द्वारा संबंधित पटवारी राधेश्याम भिलाला एवं तहसीलदार आकाश शर्मा को जानकारी दी तथा पंजीकृत संस्था कोठारी कला के प्रबंधक से संपर्क किया तो उनका कहना था कि पोर्टल की गड़बड़ी है। वहीं दूसरी और तहसीलदार द्वारा उक्त मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर जिला स्तर पर सूचना दी।

#### *इनका कहना है...*

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में आने के बाद डीएसओ को पत्र लिखा है। जल्द ही निरस्त कराया जाएगा।*

*आकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर*

# शीतला माता को लगाया ठंडे बासी भोजन का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर




भारतीय संस्कृति सनातन से चली आ रही परंपराओं और हिंदू धर्म के त्योहारों का जहां अपना अलग महत्व है। वहीं इन परंपराओं का बखूबी निर्वहन हिंदू समाज द्वारा किया जाता है। उसी कड़ी में शीतला सप्तमी पर शीतला माता को ठंडा एवं बासी भोजन का भोग लगाकर पूजा अर्चना का एक विशेष महत्व है। नगर के माताजी मोहल्ला स्थित शीतला माता का एक मात्र मंदिर है जहां पर सभी समाज की महिलाओं द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ माता रानी को ठंडे बासी भोजन का भोग लगाया गया। परंपरा के अनुसार होली के दूसरे दिन से महिलाएं प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं जल चढ़ाने माताजी ठंडी करती है। सप्तमी के पूर्व की रात्रि में महिलाएं स्नान करने के उपरांत चौक चुला रसोईघर को शुद्ध करके शीतला माता को लगने वाला भोग भोजन तैयार करती है तथा रात्रि 12 बजे उपरांत माता रानी को भोग एवं पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचती है जहां यह भोजन अर्पित किया जाता है। माताजी मोहल्ला स्थित मंदिर परिसर में नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था की गई तथा चुड़ी गली से मंदिर तक मेटी और कारपेट बिछाए गए। साथ ही मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर में रात्रि से ही पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी तैनात रहे। जहां देर रात से बड़ी संख्या में महिलाएं कतारों में पहुंचकर माता शीतला की पूजा-अर्चना कर भोग लगाती रहीं।

### लाडली बहनों को भेजे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में एक नवाचार किया गया है। फरवरी 2026 में 575 महिलाओं के खातों में डीबीटी सक्रिय न होने, खाता बंद होने या अन्य तकनीकी कारणों से योजना की राशि नहीं पहुंच पाई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इन महिलाओं को पोस्टकार्ड भेजकर भुगतान असफल होने के कारणों की जानकारी दी जा रही है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा सारंगपुर पहुंची, कई स्थानों पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



अखंड भारत के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में निकाली जा रही एकता यात्रा बुधवार को आगर होते हुए सारंगपुर पहुंची। यह यात्रा गुजरात के पूर्व गृहमंत्री गोवर्धनभाई झड़पिया के नेतृत्व में 5 मार्च को अहमदाबाद से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल द्वारा रवाना की गई थी। झाबुआ से मध्यप्रदेश में प्रवेश करने के बाद यात्रा विभिन्न शहरों से होती हुई सारंगपुर पहुंची।

नगर में यात्रा का जयनगर चौराहे से स्वागत प्रारंभ हुआ। यह इंदौर नाका, पुराना बस स्टैंड, नया महाराणा प्रताप चौराहा, नया बस स्टैंड, एबी रोड और परशुराम चौराहा होते हुए अकोदिया नाका स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गुजरात से आए एकता यात्रा के पदाधिकारियों का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सतीशभाई पटेल, मनुभाई पटेल, जीबी पटेल, रमेशभाई पटेल, रामभाई पटेल और बाबूभाई का भी सम्मान किया गया। डॉ. टेटवाल ने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और पहले गृह मंत्री थे। उन्होंने आजादी के बाद 560 से अधिक रियासतों का विलय कर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, इसलिए उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर एवं ठंडाई पिलाकर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ धुरव भल्ला, ओम पुष्पद,मानसिंह पाटीदार,मांगीलाल पाटीदार,महेश पाटीदार सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्यों पर 50 से अधिक महिलाओं का भी हुआ सम्मान

# बाल-विवाह मुक्त 20 पंचायतों के प्रतिनिधि किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




महिला एवं बाल विकास विभाग तथा युवा विकास मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार रात्रि एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल-विवाह मुक्त 20 पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को विभाग ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की मुख्य थीम गिव टू गेन (दान से लाभ) पर विशेष चर्चा की गई।

इस थीम के माध्यम से लैंगिक समानता के लिए सहयोग, समर्थन और संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई, अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस बल, परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षकों सहित कुल 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, महिला नेत्री अनीता दुबे, मोना सुस्तानी, विभाग के डीपीओ श्याम बाबू खरे, युवा विकास मंडल संस्था प्रबंधक राजेंद्र मेवाड़ा, प्रिया चांडक, राजाराम, अंकित सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं रूपरेखा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा प्रस्तुत की गई।

#### *महिला सशक्तिरण विषय पर हुई विस्तृत चर्चा*

*कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता, महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित और समान वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।*